राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 40.00 संख्या 2419
गेम ओवर
राज
रजत वर्ष
By.. अनुपम
007 JAGDISH
NAGENDRA
सुपर कमाण्डो ध्रुव

राजनगर में मचा दिया चार चमत्कारी बोनों ने आतंक। जिसे चाहे स्टेच्यू बोल कर बना लेते हैं अपना गुलाम और फिर अपने गुलामों से करवाते हैं, आत्महत्या, हत्या और अपराध। ग्रैंड मास्टर रोबो अपने आखरी दिन गिन रहा है। अब एक युवक ग्रैंड मास्टर रोबो के अड्डे से मिला है और नताशा बोनों की गुलाम बन कर इस युवक की जान लेने पर तुली है। जो चीख-चीख कर कह रहा है कि-

तुम ग्रैंड मास्टर रोबो हो! यानी किसी ने तुम्हारा ये नाम रखा है। है न?

नहीं! ये नाम मुझे मेरे काम ने दिया है। मैं शुरु से ही ग्रैंडमास्टर रोबो हूं। रोबो आर्मी का चीफ!

पर...खैर! तो तुम ये जानते हो कि मैं कौन हूं?

हां! सुपर कमांडो ध्रुव! मेरा सबसे कट्टर विरोधी!!

तो तुम मेरे पास मदद के लिए क्यों आए हो? तुम्हारे पास तो रोबो आर्मी है।

रोबो आर्मी का प्रयोग मैं नताशा के विरुद्ध नहीं कर सकता। यह लड़ाई मुझे खुद ही लड़नी है! बस ये समझ लो कि अगर मैं मारा गया तो मेरे साथ-साथ वह हर चीज खत्म हो जाएगी, जिसे तुम बचाना चाहते हो। वहीं पर हो जाएगा ये सारा...

पूरी कहानी जानने के लिए पढ़ें इस कॉमिक्स का प्रथम भाग 'स्टेच्यू'!

संजय गुप्ता पेश करते हैं।

राज कॉमिक्स है मेरा जनून!

गेम ओवर

कथा	चित्रांकन	इंकिंग	इफैक्ट्	कैलीग्राफी	सम्पादक
जॉली सिन्हा, अनुपम सिन्हा	अनुपम सिन्हा	विनित सिद्धार्थ	सुनील, शादाब	हरीश शर्मा	मनीष गुप्ता

तुम्हारे पास मैं इसीलिए आया हूं क्योंकि नताशा को यह सिर्फ तुम समझा सकते हो।
पहले मैं खुद तो समझ लूं। सच बताओ तुम कौन हो? क्योंकि ग्रैंडमास्टर रोबो को मैं तो क्या दुनिया का हर शख्स जानता है।
और तुम ग्रैंडमास्टर रोबो नहीं हो!

तुमको अगर शक है तो मेरी परीक्षा ले सकते हो जो चाहे सवाल पूछ लो!
तुम्हारा असली नाम क्या है?
रॉबर्ट शीन!
ध्रुव एक पर एक सवाल पूछता गया और प्रोडक्ट बिना ठिठके जवाब देता गया!

और ध्रुव का अविश्वास बढ़ता गया!
ये कैसे हो सकता है!! इसको रोबो के बारे में वे बातें कैसे पता हैं जो गिने-चुने लोग ही जानते हैं!
क्योंकि इतना तो पक्का है कि ये ग्रैंड मास्टर रोबो नहीं है। ...फिर ये है कौन?

ठीक है। मैं नताशा को समझा लूंगा। पर पहले तुमको मुझे यह बताना होगा कि बौनों से तुम्हारी क्या दुश्मनी है?
बौने? मैं किसी बौने के बारे में नहीं जानता।
नताशा ने बौनों के आदेश के कारण ही तुमको मारने की कोशिश की।

ये तुम्हारा वहम है।
यही सच है?
क्या सच है ध्रुव?

और ये कौन है? किसी अस्पताल से भाग कर आया है क्या?
देखा! अभी ये तुमको पहचान तक नहीं रही है। क्योंकि इस पर से बौनों का प्रभाव खत्म हो चुका है।

तुमको अगर सुरक्षा की जरुरत है तो मै तुम्हारे लिए पुलिस की हाई लेवल सिक्योरिटी का इंतजाम कर देता हूं। जब तक मैं तुम्हारी पहेली न सुलझा लूं तब तक तुम सुरक्षित...

नताशा!
ये तुम क्या कर रही हो?
यानी अब तक तुम नाटक कर रही थीं!
तुम पर तरुण के यंत्र का कोई असर नहीं हुआ था!
और ये घातक हथियार तुम अपने साथ ही लेकर आई थीं!
अभी इसकी सांसे चल रही हैं। तुम्हारा हथियार इसको मार नहीं पाया। पर अब तुम मुझे वह बताओगी जो मैं इससे जानना चाहता था!
मुझे इसको मारना नहीं है! सिर्फ इस को वश में करना है। और वो काम पूरा हो पाने से पहले ही तूने ट्रांसपॉन्डर को इसके सिर से खींच लिया!

सॉरी, नताशा! पर मैं तुमको पहले भी कह चुका हूं कि मैं तुम्हारे हाथों से कोई अपराध नहीं होने दूंगा।
तुमको कानून के रास्ते से भटकने नहीं दूंगा।
नताशा रास्ते से कभी नहीं भटकती।
चाहे उसका रास्ता तुम्हारे पार होकर जाता हो!
ओ गॉड! अब इसे कैसे काबू में करुं?
ओह! ऐन टाइम पर काम बिगड़ गया। वर्ना स्टार लाइन इसको कस चुकी होती।

मैं तेरी चाल समझ गई हूं, ध्रुव! तू मुझे प्रोडक्ट से दूर ले जाना चाहता है। ठीक है! मैं चलूंगी।

पर सिर्फ तुझे विदा करने के लिए! मौत के द्वार तक!

अह!

मैं अपने आप को नताशा पर वार करने के लिए तैयार नहीं कर पा रहा हूं।

तेरी चलाकी मुझ पर नहीं चलेगी, ध्रुव क्योंकि मैं तेरा दिमाग पढ़ सकती हूं! तू जो चाहता है वह नहीं होगा

क्योंकि मैं ब्लेड्स को...

स्विच बोर्ड में घुसने नहीं दूंगी। ये घुसेंगे तो सिर्फ तेरी खोपड़ी में।

तुम मुझे बहुत अच्छी तरह से जानती हो नताशा!...

ऊ आऽऽऽऽऽऽ ऽऽ ई ई ई ई ई ई

ऐसा तुमको लगता है। और मैं तुमको अच्छी तरह से जानता हूं...

ऐसा मैं अब तक समझता था। पर अब मैं यह जानना चाहता हूं कि तुमको ये अद्भुत शक्तियां मिल कैसे रही हैं!

डोरबेल! इस वक्त कौन हो सकता है?

तरुण जी आप इस वक्त?
ध्रुव! कमाल हो गया! हमको पहला ब्रेक थ्रू मिल गया है!
तुमको वह टैक्सी याद है जिसमें वह बौना नताशा को लेकर भाग रहा था।
हां, पर तरुण जी, इस वक्त आपको...

वक्त ही तो नहीं है हमारे पास!! हां तो उस टैक्सी की मैंने पूरी तरह से छानबीन की! और उसमें मुझे यह मैप मिला!
इसमें एक जगह पर निशान लगा है। और मुझे पूरा यकीन है कि वह बौनों के रहने की जगह होगी! क्योंकि वे राजनगर में नए हैं और अपने अड्डे की लोकेशन को याद रखना उनके लिए मुश्किल होगा। इसीलिए वे...
तरुण जी रुकिए...

अक्! ये क्या नताशा?
आपका यंत्र बेअसर रहा तरुण जी। ये अभी भी बौनों के वश में है। इसलिए मैं आपको रोक...
बस! ज्यादा बकवास नहीं!!

अब ये मुझे और प्रोडक्ट को यहां से लेकर जाएगा। और अगर तूने हमें रोकने की कोशिश की...
तो इसकी गर्दन धड़ से अलग कर दूंगी। अब प्रोडक्ट को लेकर आ और उसे इसकी गाड़ी में बिठा!
इतनी रात को ये कोई न कोई गाड़ी लेकर तो आया ही होगा!

ध्रुव के पास कोई चारा नहीं था!
घबरा मत! काम पूरा होते ही तेरे रिश्तेदार को जिंदा छोड़ दूंगी।
शर्त सिर्फ इतनी है कि तू न तो अपने किसी जानवर साथी को हमारे पीछे लगाएगा और ना ही किसी तरह हमारा पीछा करने की कोशिश करेगा!

"वहीं पर नताशा होगी।"

क्या लगता है। नताशा ने अपना काम कर लिया होगा?

फुल रिपोर्ट अभी नहीं आई है। पर नताशा के काम के साथ ही अपना काम भी खत्म हो जाएगा।

तुम्हारे काम का तो पता नहीं...

पर तुम लोगों का खेल जरूर खत्म हो चुका है!

ध्रुव! तू यहां कैसे आ गया?

तुम लोगों की मेहरबानी से! या कहो बेवकूफी से! टैक्सी में अपने अड्डे की लोकेशन के मैप को रखने का काम सिर्फ एक बेवकूफ ही कर सकता है।

पर मैंने कोई मैप नहीं रखा हुआ था!

तेरी याददाश्त कमजोर है ये तो मैं पहले से जानता था। पर इतनी कमजोर होगी कि तुझे नक्शा लेकर फिरना पड़े, इसका मुझे अंदाजा भी नहीं था।

इस को इतनी मार मारो कि ये अब अपना नाम तक भूल जाए।

RIGHT GUESS!
तुम हमारी शक्तियों से पार नहीं पा सकते।

आऽऽऽऽऽऽऽह!
ये तो अद्भुत है।

ये क्या? ये धूल क्यों उड़ी?

ठन्नन!

यानी... नताशा ने भी यही पहना हुआ था! उसको तुम लोगो ने कोई अद्भुत शक्ति नहीं दी थी!

शक्तियों का राज अब तुम जान चुके हो!

और अब अगर हमने तुमको यहां से जिंदा जाने दिया तो महामाफिया का क्रोध हमको खाक कर देगा।

यानी तुम भी किसी और के लिए काम करते हो!!

कौन है ये महामाफिया?

महामाफिया कौन है यह कोई नहीं जानता! वह हर जगह है। वह सभी में समाया हुआ है।
ओह! ये चमक!
ये हमारी ड्रेस में पिरोई हुई सैकड़ों LED की इकट्ठी फ्लैश है।
ओफ्! चमक के बाद कुछ भी नजर आना बंद हो गया है! मैं इन बौनों को भी नहीं देख पा रहा हूं।
अब तू कुछ देखेगा भी नहीं।
क्योंकि जब भी तू आंखें खोलेगा, हमारी फ्लैश चमक उठेगी।
अब तेरी आंखें दूसरी दुनिया में ही खुलेंगी!

तीनों बौने तो हवा में उड़ रहे हैं। अभी तो मैं इनकी स्थिति भांपने के लिए इनके पैरों की आहट भी नहीं सुन सकता
इसीलिए कोई ऐसा तरीका अपनाना पड़ेगा, जिससे ये मुझे न देख सकें...

पर मैं इनको देख सकूं।
अरे! ध्रुव कहां गया?
मैं क्या जानूं! मैं तो धुंए की वजह से आंखें भी नहीं खोल पा रही हूं।
मेरे ख्याल में वह हमारी बाईं तरफ है।

एक दम सही!
ओए! अब ये हमको देख रहा है! कैसे?

क्योंकि हम अभी भी मूर्खों की तरह L.E.D की फ्लैश चमकाए जा रहे हैं।
12

अब तो एक ही दांव बचता है। आखिरी दांव!!

बस हम को ये मंत्रित रुद्राक्ष फोड़ना है। और जादुई शब्द बोलना है-
स्टेच्यू!!
लो ये तो मूर्ति बन गया!
अ... ये क्या किया? ऐसा करने का आदेश तो नहीं था!
आदेश को मारो गोली! मैं तो कहती हूं कि इसे महामाफिया के हवाले करो, अपना माल लो और यहां से फूट लो!
"ठीक है! अब हमको भी इस पूरे चक्कर से पल्ला झाड़ लेना चाहिए! चलो..."
"महामाफिया के पास!"
हां, सर! चारों एक साथ हैं। साथ में ध्रुव भी है।
आने दो!
तुमने इस वक्त यहां पर आ कर नियमों को तोड़ा है। चौकड़ी!
हम जानते हैं महामाफिया और माफी भी मांगते हैं...
ENTR
RESTRICT

...महामाफिया!
पर ध्रुव का हम तक पहुंच जाना अप्रत्याशित था! हमको कुछ समझ में नहीं आया, तो हम इसको स्टेच्यू बना कर यहां ले आए! अब इसका फैसला आप ही करें!

अच्छा किया!
अब हम चाहते हैं कि आप हमारा मुआवजा दे दें और हम यहां से दूर चले जाएं।
हम भी यही चाहते हैं।

ये रहा तुम्हारा मुआवजा! पूरे पचास लाख...
अब शर्त के मुताबिक तुम बाकी जिंदगी किसी ऐसी जगह पर बिताओगे जहां पर कोई तुमको ढूंढ़ ना सके!
हमें शर्त याद है। ऐसा ही होगा!
बाय, महामाफिया

"अब दुनिया हमको-"

"कभी नहीं देखेगी।"

थैंक्यू बोलो, चौकड़ी! आखिर मैंने ब्रीफकेस में बम रखकर तुम्हारा वादा पूरा करने में तुम्हारी मदद की है!

ओह! चौकड़ी थैंक्यू तो बोल गए! तुमको स्टेच्यू बना के! वैसे इनसे मुझे इतने बड़े काम की उम्मीद नहीं थी!

अब तुम्हारा क्या करना है, इसका फैसला...

अरे! ये तो...

मुझे अफसोस है कि मैं पहले तुम्हारी चाल को भांप नहीं पाया। वर्ना मैं उन बौनों को जरूर बचा लेता!
अपने आदमियों से कहो कि बंदूकें नीची करें वर्ना मैं तुम्हारी गर्दन तोड़ दूंगा!
तुम पर स्टेच्यू का असर नहीं हुआ?

नहीं! क्योंकि मैं नोज फिल्टर पहनता हूं और इस कारण मुझ पर उस गैस का असर नहीं हुआ जो उस रुद्राक्ष जैसे कैप्सूल में भरी थी जिसे बौनों ने स्टेच्यू बोलने के साथ फोड़ा था।
मैं समझ गया कि स्टेच्यू बनने का कारण वह मंत्र नहीं बल्कि कोई खास नर्व गैस है जो इंसानों को जड़ कर देती है।

बौनों का गुलाम तो मैं सिर्फ इसलिए बना था ताकि मैं तुम तक पहुंच सकूं। इस समस्या की जड़ तक!
अब बताओ। कौन हो तुम? कौन है प्रोडक्ट और क्या है ये सारी कहानी?
कहानी तो नताशा बन जाएगी अगर तूने मेरी गर्दन नहीं छोड़ी तो!

ओफ्! मुझे उम्मीद, थी कि नताशा खुद को बचा सकती है।
पर लगता है कि उस पर से नर्व गैस का असर पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है।

शाप जन्म जन्मांतर तक पीछा नहीं छोड़ते।
कहानी एक वन रक्षक की जो बन गया है...
राज रजत वर्ष
शापित रक्षक

अगर नताशा बच भी लेती तो मेरे पास तुरुप का एक और पत्ता था। ध्रुव!
तेरा रिश्तेदार तरुण!
तू जानना चाहता है कि ये सब क्यों हो रहा है। मैं बताता हूं तुझे
क्योंकि मुझे अब तेरी मदद की जरुरत है।
पर समझने-समझाने से पहले तुमको ये समझाना बहुत जरुरी है कि तुमको ये समझा कौन रहा है।
तुमको ये समझाने वाले को दुनिया यानि अपराध की दुनिया-
मेकअपकर के नाम से जानती है! नए-नए रूपों में दुनिया को नए-नए खेल दिखाना हमारा काम है।
और अब हम बताते हैं कि मेकअपकर जैसे महान क्राइम सुप्रीमो को एक टुच्चे-मुच्चे क्राइम फाइटर की मदद क्यों चाहिए!
मैं सुन रहा हूं।
उसे देख रहे हो? यह प्रोडक्ट है!
वह अपने आप को ग्रैंडमास्टर रोबो कहता है।
ये उस प्रोडक्ट का ब्रैंडनेम है! दरअसल... रोबो मौत की कगार पर खड़ा है। वह जानता है कि वह नहीं बचेगा पर वह मरना नहीं चाहता! वैसे कौन चाहता है।
इसीलिए उसने अपना एक क्लोन बनवाया! उस क्लोन की खासियत यह थी कि उसकी हडिड्यों के ढांचे के ऊपर लोहे की पर्त थी। जिसको रोबो के वैज्ञानिकों ने बायो प्लेटिंग का नाम दिया है।

पर क्लोन के साथ एक समस्या होती है। जींस की डुप्लिकेटिंग तो हो जाती है। पर मेमोरी की डुप्लिकेटिंग नहीं होती!

इसीलिए रोबो के वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक बनाई। मेमोरी ट्रांसफर की! और रोबो ने अपनी सारी मेमोरी प्रोडक्ट में ट्रांसफर कर दी! कम से कम हम ऐसा ही समझ रहे थे

पर नताशा के धावा बोलने तक वह मेमोरी सिर्फ 70 प्रतिशत ही ट्रांसफर हो पाई थी! मुझे मेरे इंफार्मर ने गलत इंफार्मेशन दी थी।

प्रोडक्ट, रोबो ही बना रहे इसके लिए रोबो ने एक कोड बनाया है। उस कोड के एंटर करने के बाद ही प्रोडक्ट को पूरी तरह से एक्टीवेट होना था!

मेरा प्लान उस कोड को बदल के प्रोडक्ट को अपना गुलाम बना लेना था। था क्या अभी भी है। फिर रोबो आर्मी का मालिक प्रोडक्ट होता और प्रोडक्ट का मालिक मैं।

पर कोड बदलने के लिए ओरीजनल कोड का पता होना जरूरी है और वह कोड मरते हुए रोबो के पास है!

और अब रोबो से कोड लाने का काम तुम करोगे, ध्रुव! वैसे तो ये काम नताशा कर लेती पर तुम्हारे टांग अड़ाने के कारण रोबो को अब तक नताशा की हरकत के बारे में पता चल गया होगा। वह नताशा को पास भी नहीं फटकने देगा!

शूट हर!
नहीं।
क्या नहीं?
कोई मेरा हाथ पीछे से खींच रहा है। मैं गोली नहीं चला पा रहा हूं।

पर तेरे पीछे तो कोई है ही नहीं।

चौकड़ी!! तु-तुम अभी जिंदा हो!! यानी... यानी बाकी तीन भी जिंदा हैं!... पर...पर कैसे? कहां हैं तेरे बाकी यार?

एक तो मेरे पीछे है।

दूसरा तुम्हारे पीछे है!

और तीसरा तुम्हारे प्लान के पीछे है।

पर...पर मैंने अपनी आंखों से इनकी कार को फटते हुए देखा था!

एग्जैक्टली! कार को देखा था इनको नहीं! ये तो गेट से बाहर निकलते ही तुम्हारा ब्रीफकेस कार में ही छोड़ कर नीचे उतर गए थे और कार को गियर में चला कर छोड़ दिया था।

इनको तुम्हारे कैमरों की पोजीशन पता थी! ये वहां उतरे जहां तुम्हारा कैमरा इनको देख न सके!

पर...पर ये हुआ कैसे? इनको कैसे पता चला कि मैंने इनको ब्रीफकेस में पैसों के नीचे बम छुपा कर दिया था

मैंने इनको आगाह कर दिया था।

दरअसल जब मुझ पर स्टेच्यू का असर नहीं हुआ तो इनको सच्चाई पता चल गई। और इन्होने सरकारी गवाह बनने का फैसला कर लिया।

पर मुझे शक था कि इनका काम खत्म होने के बाद महामाफिया यानी तुम इनको जिंदा नहीं छोड़ोगे। इसीलिए इन्होने ब्रीफकेस की पूरी तरह तलाशी ली होगी, बम ढूंढ निकाला होगा।

एग्जैक्टली।

ये-ये तो लिपस्टिकें है।
हम मर्द हैं। लिपस्टिकों से मरना
हमारी शान के खिलाफ है।
बचो! इन
लिपस्टिकों पर
लेजर टिप हैं।
आऊऽऽऽ!
इन मामूली वारो से
तुम हम सब को काबू में नहीं
कर सकते मेकअपकर!
जानता हूं! ये तो
सिर्फ ध्यान बंटाने के लिए
थे। ताकि मैं...

ये हाई पॉवर ड्रायर बालों के साथ-साथ...
...इनका यूज कर सकूं।
पूरे इंसान को सुखा देते हैं। सिर्फ आधा मिनट लगता है जिंदा इंसान को ममी बनने में।
आऽऽऽ! ओफ! ये हफ्...ये तो... अह!
ओफ् मैं तो कभी अनुमान तक नहीं लगा सकता कि हवा इतनी गर्म भी हो सकती है।
आऽऽऽ! ये तो बहुत तेजी से शरीर की सारी नमी को सोख रहा है! हफ्! इस गर्म बवंडर को पार करके इस तक पहुंच पाना भी...बहुत मुश्किल लग रहा है।
आऽऽऽह! एक तो गर्मी से मेरी शक्ति क्षीण हो रही है।
दूसरे हवा का दबाव बहुत तेज है। अब जल्दी ही कुछ करना होगा।
पर ...आह... क्या?

यस! ये ब्लोअर जितनी तेजी से हवा फेंक रहे हैं उतनी ही शक्ति से खींच भी रहे होंगे!..
ये कालीन थोड़ा भारी जरूर है पर हवा गर्म भी है और तेज भी। अब अगर मेरा ख्याल ठीक है तो ये हवा के बहाव पर तैरता हुआ सीधे उधर जाएगा...
"...जिधर से हवा को तेजी से खींचा जा रहा है।"
"कालीन हवा के दबाव के कारण हवा के एंट्री प्वांइट पर चिपक जाएगा और किसी भी चलते ब्लोअर में हवा आने का रास्ता बंद हो जाए..."
"तो ब्लोअर को फुंकते देर नहीं लगती।"
अब तुम्हारा खून सूखने की बारी है मेकअपकर!
दोस्तों, प्रोडक्ट को यहां से बाहर ले जाओ।

मैं इससे तरुण
का पता उगलवा कर
अभी आता हूं!
खेल खत्म हो
चुका है, मेकअपकर! अब
अगर अपने लिए मुश्किलें बढ़ाना
नहीं चाहते हो तो तरुण का
पता बता दो।
बस मेरा मेकअप बहुत
खराब कर लिया तूने! अब
एक भी हरकत की तो हाई वोल्टेज
का एक ही झटका इस लड़की
का खून अलग और पानी
अलग कर देगा!
आगे मत बढ़ना! वहीं
खड़े रहना! वर्ना नताशा से
हाथ धो बैठोगे।

किस
तरफ गया होगा,
मेकअपकर?

आह! छोड़!
छोड़ कमीने।
धड़ाक
अब तू बच
नहीं सकता। मैं नहीं
छोड़ूंगा तुझे!
ये तो तरुण
और मेकअपकर की
आवाजें हैं।

तरुण जी!!
आह! ध्रुव,
तुम!!

ओह! आई एम सॉरी ध्रुव! मैंने
उसको पकड़ने की पूरी कोशिश
की। पर वह भाग निकला!
कोई बात नहीं!
पर वह किस तरफ
भागा है?
उस...तरफ!!

आह! मेरा सिर!
तरुणजी! ओफ्! अभी उसका पीछा करने के बजाय इनको और प्रोडक्ट को देखना ज्यादा जरूरी है।

मैं...मैं अब ठीक हूं, ध्रुव। कोई खास चोट नहीं लगी है। पर पहले उस मास्टर मांइड को पकड़ना ज्यादा जरूरी है। वही है जिसने उन बौनों को शक्ति दी है।
नहीं तरुण जी। कोई शक्ति नहीं दी है। स्टेच्यू और बाकी शक्तियां चमत्कार या मंत्र शक्ति नहीं हाथ की सफाई की शक्ति थी।

और बाकी बातें आप खुद उन बौनों से ही पूछ लीजिएगा? क्योंकि अब वे मेरे साथ हैं।
तुम्हारे साथ!! कहां?
बाहर हैं!! प्रोडक्ट के साथ मेरी राह देख रहे हैं।

प्रोडक्ट? ये...ये क्या चीज है?

प्रोडक्ट आपके बगल में बैठा चलता फिरता इंसान है!...

"और इस सारी हलचल का कारण भी यही है।"

समझा! तब तो यहां पर मेरा काम ही खत्म हो गया! इतना बड़ा धोखा मैंने जिंदगी में कभी नहीं खाया। अगर खाया होगा तो पता नहीं चला!

पर तुमने मेरी आंखें खोलने में मेरी मदद जरूर की है, ध्रुव...

इसीलिए मैं जाने से पहले नताशा को बचाने में तुम्हारी मदद जरूर करूंगा, ध्रुव!

वो कैसे?

रोबो का पता बताकर! वह या तो मेकअपकर का पता जानता होगा! या नताशा को बचाने के लिए प्रोडक्ट की कुर्बानी देगा!

पर आप रोबो का पता कैसे लगाएंगे?

तुम मेरी आर्गेनाइजेशन की ताकत को नहीं जानते हो, ध्रुव! हमें सूचना देने वाले पूरी दुनिया की हर गली, हर मोड़ पर मौजूद हैं।

रोबो जहां पर भी होगा, उसका पता हमको चल जाएगा!

उसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी, तरुण जी! रोबो अपने आप को यानी प्रोडक्ट को लेने के लिए खुद हम तक आएगा।

हमको उस तक जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी!

तरुण! तरुण!

मामला जितना सुलझता नजर आ रहा था उतना ही उलझता जा रहा था।
स्थिति घूम-फिर कर फिर से वहीं पर आ गई है। प्रोडक्ट हमारे पास है पर अब नताशा बंधक है।
हम चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते। पता नहीं मेकअपकर की अगली चाल क्या होगी? अगर मुझे रोबो का पता मिल जाता तो...
कभी-कभी भगवान इंसान की पुकार को सुन ही लेते हैं।
और इंसान सोचता है कि भगवान ने मेरी सुनी क्यों?
ये क्या...?
कमांडो हेडक्वार्टर पर हमला! इतना दुस्साहस किसमें हो सकता है?
मेकअपकर में?
नहीं। ये रोबो के आदमी हैं। और अगर मेरा ख्याल सही है, तो इनके इस दुस्साहस का कारण है...
प्रोडक्ट! प्रोडक्ट को ढूंढों?
कमांडोज को आज पहली बार किसी ने इस तरह से चुनौती दी है।
थैंक गॉड! मुझे अपनी लेटेस्ट सिक्योरिटी डिजाइन को रियल सिचुएशन में टेस्ट करने का मौका तो मिला!
ध्यान से देखना कैप्टन।
कैप्टन! कैप्टन!
पीटर! अरे यार, ये भी गायब!
आज सिर्फ सिक्योरिटी सिस्टम ही टेस्ट नहीं होगा...
बल्कि कमांडोज का भी टेस्ट होगा कि वे ऐसी सिचुएशन के लिए कितने तैयार हैं!

वह गजां बच्चा किधर है? बताओ वर्ना उसके तो सिर के सिर्फ बाल ही उड़े हैं, तुम्हारे सिर उड़ जाएंगे!
हम डर गए।
यू डेयर जोक? नाऊ फेस...।
बुलेट्स!
सॉरी किड्ज!
घमममम
व्हाट द...?
सॉरी तो बोलना ही पड़ेगा। रूल जो तोड़ा है।
कमांडो हेडक्वार्टर में गन्स लाना मना है। रूल नः- 45A.
पर हर हथियार को सिक्योरिटी सिस्टम रोक नहीं सकता था।
WEAPON: Recognized(2)
TARGET: Locked in(2)
TASK: Neutralize
PROCESS INITIALIZING

वो मारा!! लेवल वन और लेवल टू ने तो परफेक्ट काम किया!

"अब लेवल थ्री की बारी है।"
गोलियां मत चलाना! हमको तो गोलियों से बचने की ट्रेनिंग दी गई है।
पर तुमको शायद नहीं दी गई है।
हम को गोलियों से बचने की जरूरत नहीं पड़ती...

क्योंकि हम दूसरों को गोलियां चलाने का मौका नहीं देते!
हम दूसरों की नहीं।

"लेकिन सिक्योरिटी गैजेट्स कमांड नहीं लेंगे।"

SIGNAL

NO SIG

SIGNAL

व्हाट द...! ब्लास्ट प्रूफ फाईबर ग्लास स्क्रीन फर्श से ऊपर उठी क्यों नहीं।

मेरे कमांड्स एक्सेप्ट क्यों नहीं हो रहे हैं!!

एलर्ट! एलर्ट ऑल कैडेट्स! हमारे सिक्योरिटी सिस्टम काम नहीं कर रहे हैं। किसी भी खतरे से खुद सावधान रहें।

सिस्टम री-एक्टीवेट होने तक हथियारबंद हमलावरों से बच कर रहें।

मुझे पता था कि ये निहत्थे पिद्दी रोबो आर्मी का सामना...

धाड़

...कभी नहीं कर सकते?

रोबो गार्ड तेजी से एक-एक करके कम हो रहे थे।

"और इससे पहले कि तू स्टार ब्लेड निकालने के लिए हाथ उठाए..."
"तेरे हाथ का संपर्क..."
"तेरे दिमाग से कट चुका होगा! गुडनाइट!"
अगर इस ऑपरेशन का फैसला बंदूकों से नहीं हाथों से ही होना है।
तो ऐसा ही सही!

पर ग्रिजली अपने ग्रैंडमास्टर का आदेश पूरा करके ही जाएगा।
रोबो के आदमी दूसरों के दर्द को महसूस नहीं कर सकते ये तो मैं जानता हूं। पर ये तो अपने दर्द तक को महसूस नहीं कर रहा है।
धड़ाक
अब देखते हैं कि टूटी टांगों वाला इंसान चल पाता है या नहीं।

आऽऽऽह! इसमें तो हाथी जैसी शारीरिक शक्ति है! अब पता नहीं इस हाथी को...
स्टार लाइन बांध पाएगी या नहीं।
नहीं बांध पाई!
धड़ाऽ

अक्!
अब तेरी रस्सी, तेरी ही गर्दन और तेरा ही फंदा!

जितनी जोर से चाहे मार!! ग्रिजली के दिमाग में वह हिस्सा ही नहीं है जो दर्द को महसूस कर सके!

अक्!!
तेरी मौत से ये तय हो जाएगा कि जीत ताकत की होती है...

....दिमाग की नहीं। आऊच्छ!

आह!!
कमाल का नमूना है। मैंने इसकी बाजूओं के खास नर्व प्वाइंट्स पर ऑलपिने चुभा कर उनको एक्यूपंक्चर पद्यति द्वारा सुन्न कर दिया है। अक्
पर इसकी पकड़ अभी भी उतनी ही दमदार है। अक्!
लग...ता है...जैसे टनों भारी चट्टान मेरे ऊपर आ गिरी हो। मैं...सांस... नहीं ले पा रहा हूं!

ये...ये क्या किया तुमने?
आऽऽऽह! अर्रर्रर्घ! ध्रुव!
ध्रुव...रोबो... को....बचा...! वह...
ग्रिजली की फुसफुसाहट वैसे भी अस्पष्ट थी-
पर उस शोर ने उसको पूरी तरह से डुबो दिया।
कैप्टन! कैप्टन!! आर यू ओ.के.?
हां! लेकिन प्रोडक्ट ने अभी जैसा वॉयलेंट बर्ताव किया, उससे मुझे चिंता हो गई।... सुनो।
इस रोबो कमांडर और घायल रोबो गॉर्ड्स को तुरंत फर्स्टएड देकर अस्पताल पहुंचाओ! बाकियों को पुलिस के हवाले कर दो।
ओ.के.! पर इससे भी बड़ी मुसीबत आ धमकी है!

तुम्हारी प्यारी नताशा अभी-
0° C के तापमान में बेहोश पड़ी है।
इस कोल्ड स्टोरेज के अंदर !

TEMP
0°C
कोई भी इंसान इस तापमान में दो घंटों से ज्यादा
जिंदा नहीं रह सकता! अब इन दो घंटों के अंदर
तुमको रोबो तक पहुंचना है! उससे कोड उगलवाना
है और फिर प्रोडक्ट को लेकर मेरे पास आना है।
पता तुमको बाद में बता दिया जाएगा।

दूसरा मैसेज तुमको अब से
डेढ़ घंटे बाद मिलेगा! पर रोबो
तुमको कहां मिलेगा, यह मैं
तुमको अभी बताऊंगा! सुनो...
ध्रुव, एक-एक शब्द को
ध्यान से सुन रहा था-

लेकिन हर पल बदलते एक-एक दृश्य पर भी उसकी नजरें गड़ी हुई थीं।
OVER
START
मैसेज ओवर!
अब क्या करना है,
कैप्टन!

तुम कुछ
बोलते क्यों नहीं
कैप्टन?
मैसेज को
फिर से चलाओ,
करीम!

स्टॉप! ज़ूम
करो!

यस!

अब मैं समझा
कि ये सब क्या हो रहा है।
नाऊ आई एम रेडी।
कैप्टन! स्टार ट्रांसमीटर पर मैसेज लो। तरुण जी की कॉल आ रही है।
REPLY
CANCEL
हां तरुण जी।
ध्रुव! रोबो का पता मिल गया है। कमाल की बात ये है कि वह राजनगर में ही है।
ये तो मैं जानता हू! पर कहां?
"राजनगर के पूर्वी छोर पर स्थित रामा नेशनल रिजर्व की हवाई पट्टी पर!"
"अपने प्राइवेट प्लेन के अंदर।"
ग्रिजली का आह... कोई मैसेज आया?
अरे! आप-आप बिस्तर से क्यों उठे, ग्रैंड मास्टर! खबर आते ही आप तक सूचना पहुंचा दी जाएगी।

आप- आप! आईए मेरे साथ!
अब मैं आपके कमरे के बाहर गॉर्ड तैनात कर देता हूं।
ताकि आप बाहर आ ही ना सकें
"और न ही कोई आप तक पहुंच सके।"
बोलो मेकअपकर!
चालाकी करने की कोशिश मत करना। मैंने अपने सिस्टम को रोबो के प्लेन के C.C.T.V. NETWORK से जोड़ लिया है। अब तुम जो कुछ भी करोगे उसे मैं लाइव देख सकूंगा।
मैं भी यही चाहता हूं! कि तुम डेथ देखो! और वो भी लाइव!
शो शुरु हो चुका है। वेलकम टू द शो मेकअपकर!
तड़. तड़. तड़. तड़. तड़.

शो शुरु हो चुका था।
शूटिंग जारी थी।
गोलियां क्यों चल रही हैं?
ध्रुव को देखा गया है, कर्नल!
ओ गॉड! यानि ग्रिजली नाकाम रहा!! खैर फिलहाल गोलियों को रोको! अगर फ्यूल टैंक में गोली लग गई या टायर ब्लास्ट हो गए तो सत्यानाश हो जाएगा। ध्रुव को खुद पकड़ो। बगैर विस्फोटकों का प्रयोग किए।
कहना आसान था-
पर करना मुश्किल।
ओ गॉड! यहां तो ग्रिजली जैसे गॉर्डस की बारात सजी है। पर मुझे तो अंदर जाना ही है...
और वह भी तय प्लान के अनुसार!
अरे! कहां गया?

वह रहा!
चलो उसके पीछे। वह बचना नहीं चाहिए!
हां, बचा तो फिर वापस आ जाएगा।
ये...ये क्या करना चाहता है? मैंने इसको रोबो के पास पहुंचने को कहा है और ये रोबो से दूर भाग रहा है!! आखिर ये...
अरे! ध्रुव अगर जंगल में है तो रोबो के प्लेन में कौन है?
अक्! तु...तुम!! तुम तो जंगल में भाग गए थे!! अक्!! फिर...
वह DUMMY था!!
घड़ांक
और तुम लोग DUMB हो! गधे!! तभी तो इतना भी नहीं समझ पाए कि एक पहरेदार कार्गो डोर पर भी होना चाहिए! वहीं जहां पर से मैं आराम से अंदर आया हूं।
कमाल का लड़का है ये! पलभर के लिए तो मैं भी मूर्ख बन गया था। वेलडन!!

अब मुख्य समस्या है रोबो के कमरे को ढूंढ़ना!
वेल! वेल! वेल! तुमसे यही उम्मीद थी।
तुम मेरे आदमियों को DUMMY से चकमा दे सकते हो। पर मुझे नहीं!
हिलना मत! मैं कभी चूकता नहीं। बताओ! क्यों आए हो यहां पर?
रोबो से मिलने। यूं कहो, उसको अपनी श्रद्धांजलि देने आया हूं!
"और ये बताने आया हूं कि उसके कारण उसकी बेटी की जान खतरे में है।"
"तो चलो! अब तुम्हारा फैसला ग्रैंड मास्टर के सामने ही होगा!"
एक और ट्रंप की चाल! कितनी आसनी से ये पहले प्लेन के अंदर पहुंच गया! और अब उतनी ही आसानी से...
"ये रोबो तक पहुंच गया।"
ध्रुव!! तु... तुम यहां!!
हां! लेकिन पहले मुझे यहां तक लाने के लिए मैं इनका शुक्रिया अदा कर दूं! फिर हम आराम से बात करेंगे!

कुछ ही देर में ध्रुव रोबो को पूरी स्थिति समझा चुका था।

अब अगर तुम नताशा की जान बचाना चाहते हो तो मुझे प्रोडक्ट का कोड बता दो!

जब तुम जान ही चुके हो कि प्रोडक्ट मेरा ही एक अंग है। बल्कि मैं ही प्रोडक्ट हूं। फिर तुम मुझसे मेरी जान क्यों मांग रहे हो?

वैसे अगर तुम समझ रहे हो कि मैं बेबस हूं, या तुम यहां से आराम से निकल जाओगे तो तुम गलत सोच रहे हो

अब तुम यहां से तब तक नहीं जा सकते जब तक प्रोडक्ट मेरे पास नहीं आ जाता!

जल्दी ही मेरे आदमियों को पता चल जाएगा कि तुम यहां पर हो! फिर तुम्हारा यहां से बाहर निकलना असंभव होगा!

तुम बीमार हो, रोबो। ऐसी हरकतें करके अपने पहले से ही खराब हो चुके दिल पर और जोर मत डालो।

मैं मर भी गया तो प्रोडक्ट के रुप में जिंदा रहूंगा। चाहे आंशिक मेमोरी के ही साथ! पर तू मर गया तो सिर्फ तेरी याद बचेगी।

तुम प्रोडक्ट बन कर जिओगे भी तो दूसरों के कंट्रोल में! मेकअपकर और तुम्हारी खींचा-तानी के बीच में उसके सारे कंट्रोल जाम हो गए हैं।

अब तुम तो बच सकते नहीं पर कम से कम नताशा को तो बचा लो। मुझे कोड बता दो! ताकि प्रोडक्ट की मेमोरी को रिफ्रेश किया जा सके!

24

ये...अह...नहीं हो सकता!

मेकअपकर, अगर तुम देख रहे हो तो समझ गए होगें कि रोबो को दिल का दौरा पड़ा है! मैं इसको लेकर तुम्हारे पास आ रहा हूं क्योंकि अब इसके पास ज्यादा समय नहीं है।
अब इससे कोड उगलवाना तुम्हारा काम होगा! मुझे सिर्फ नताशा चाहिए। तुम गुंडो की आपसी लड़ाई से मेरा कोई मतलब नहीं है।
हां, मेकअपकर! मैं ग्रैंडमास्टर रोबो को तुम्हारे पास ला रहा हूं। बोलो कहां आना है।
राजनगर के कांथा हार्बर से 15 किलोमीटर दूर साउथ वेस्ट समुद्र में मेरी शिप खड़ी है! पर तुम वहां तक आ नहीं पाओगे।
क्यों
क्योंकि मैं वह देख रहा हू जो तुम नहीं देख पा रहे...
"इस प्लेन को चारों तरफ से रोबो गॉर्डस ने घेर लिया है। वे तुम्हारी डमी वाली चाल समझ चुके हैं।"
"तुमने प्लेन से एक पैर भी बाहर निकाला तो छलनी कर दिए जाओगे!"
"पर तुमसे ये किसने कहा कि मैं पैर को बाहर निकालूंगा!"
"तुम बस नताशा के साथ तैयार रहो! मैं दस मिनट में रोबो के साथ वहां पर पहुंचता हूं!"
"एमेजिंग! तुमने तो सब जैसे पहले से प्लान कर रखा है। ओ.के.! लेकिन प्रोडक्ट मेरे पास तक कैसे पहुंचेगा"
"मेरे कमांडो उसे लेकर मोटर बोट से तुम तक पहुंच जाएंगे! दस मिनट में!"
नहीं! प्लेन में ग्रैंडमास्टर भी हैं!

"बस एक बार प्रोडक्ट"
"और रोबो एक साथ मेरे हाथ लग जाएं तो फिर मुझे कोड की भी जरूरत नहीं है। मैं दोनों के दिमागों का डायरेक्ट कनेक्शन करके मेमोरी ट्रांसफर कर दूंगा! और फिर कोड अपने आप मेरे पास आ जाएगा!"
"पर ये प्लेन को उतारेगा कहां? पानी में? अरे नहीं! ये तो...ये तो...कमाल है!!"
और फिर
मैंने तुम्हारा काम कर दिया मेकअपकर! अब तुम जानो और रोबो जाने।
नताशा को मेरे हवाले कर दो!
और अगर न करूं तो?
तो रोबो तुम को नहीं मिलेगा। और इसकी जिंदगी के ज्यादा पल नहीं बचे हैं! फैसला जल्दी करो!
अजीब इत्तफाक है। इधर रोबो की जिंदगी के पल ज्यादा नहीं बचे हैं...
और उधर नताशा की जिंदगी के!
बचा सको तो बचा लो!!

करीम, स्टीमर को लेकर उधर आओ!
पर मेकअपकर ने पूरा इंतजाम कर रखा था!
ओफ! गई मोटर बोट।
नताशा को तो शायद तुम बचा लो ध्रुव। पर अब तुमको कौन बचाएगा! अगर मैं रुक सकता तो ये सीन देखने के लिए जरुर रुकता! पर क्या करुं? टाईम नहीं है! न मेरे पास...
...और ना तुम्हारे पास!
डॉल्फिन! पर ये क्या?
व्हीईईईईईईईई!!
मैंने!!
ये...ये सीटी किसने बजाई?
तुझमे अभी भी इतनी जान बाकी है! मर रहा है पर सीटी बजाना नहीं छोड़ा। पर तूने सीटी बजाई क्यों?
मुड़कर देखो!!

डॉल्फिनो ने ध्रुव को भी बचा लिया और नताशा को भी!!
पर...पर...

तू डॉल्फिनो को कैसे बुला सकता है!! वह भी ध्रुव को बचाने के लिए!!
मैने ध्रुव को बचाने के लिए उनको नहीं बुलाया...

...क्योंकि ध्रुव तो...

...मैं खुद हूं! तुम क्या समझते हो? सिर्फ तुम ही चीटिंग कर सकते हो...

...मैं नहीं!
धोखेबाज है ये! भून डालो इसे!
भूनना है?

तो तेल हमसे ले लो!
अरे! तुम लोग यहां कैसे आ गए?
हम स्टीमर की तली में चिपके हुए थे। हम नंबर वन चिपकू जो हैं। हमें पता था कि इस धोखेबाज के खिलाफ तुमको मदद की जरुरत पड़ेगी।

क्योंकि मैं जानता था कि न तो वह कोल्ड स्टोरेज है और ना ही वह नताशा है। क्योंकि तुम्हारे द्वारा भेजी गई विडियो क्लिप में मैने उसके शरीर पर चीटियां चलती देखी थीं

कोल्ड स्टोरेज में चीटियां नहीं रह सकतीं। यानी वह कोल्ड स्टोरेज नकली था। पर सवाल यह था कि नताशा नकली कोल्ड स्टोरेज में क्यों?

और जूम करने पर जवाब भी मिल गया। उस नताशा की बांह पर एक ऐसा निशान था जो नताशा की बांह पर नहीं था। यानी नताशा भी नकली थी। और वह तुम्हारी कोई साथी थी। क्योंकि तुम उसको नुक्सान पहुंचाना नहीं चाहते थे!

शायद वह वही थी जिसने इंस्पेक्टर खान वाले घटनाक्रम में मुझपर हमला किया था...

पर वह प्रयास तो सिर्फ रिहर्सल था! तुम्हारा असली मकसद तो प्रोडक्ट पर नताशा की मदद से धावा बोलना था! तुमने नताशा के रुप में अपनी सहयोगी को भेजा। और जब मैंने उसका प्रयास विफल कर दिया तो मौके की तलाश में वह भी मेरे साथ आ गई। उस वक्त तक उसे यह पता नहीं था कि प्रोडक्ट मेरे पास आ धमकेगा!

पर बिल्ली के भाग से छींका फूटा और तुम्हारी नताशा को प्रोडक्ट को लेकर भागने का मौका मिल गया!

बस, बस, बस!! तुम्हारा मुंह नहीं थका पर मेरे कान जरुर पक गए! तुम समझ रहे हो कि तुमने मुझे चित कर दिया है।

पर अपनी मौत का सामान तो तुम अपनी बगल में लेकर खड़े हो...

तुमको ये याद नहीं रहा...

कि प्रोडक्ट मेरे कब्जे में हैं। चाहे आंशिक तौर पर ही सही।

इसने ग्रिजली पर हमला मेरे कंट्रोल के कारण ही किया था।

असली तो कब का रोबो के पास पहुंच चुका है। और अब तक रोबो ने उसकी ब्रेन-डिस्क क्लीन कर भी दी होगी! वह भी ऐसे प्रोडक्ट बनाने के खतरों को समझ चुका है। रोबो ने ग्रिजली को भेजा तो था प्रोडक्ट को लाने के लिए पर ग्रिजली ने नाकाम होने पर मुझसे रोबो की मदद के लिए पुकार लगाई! और उसका पता भी बताया। वहां मैंने रोबो से संपर्क साधा और यह प्लान बना डाला!

अब तुम
कहीं नहीं जा सकते,
मेकअपकर!

तू मुझे छोड़ देगा तो
मैं जाऊंगा और नहीं छोड़ेगा
तो तू जाएगा सोच ले!

वैसे भी, मेरे गैजेट्स
में इतनी शक्ति है कि तुझ जैसे
तीन चार इंसानो को एक
साथ लेकर उड़ सके!

मान लिया। पर
क्या पूरी बोट लेकर
भी उड़ सकते हो!

फिलहाल तो
मैं सिर्फ एक चीज
उड़ने की इजाजत दे
सकता हूं।
तुम्हारे होश।
शाबास,
ध्रुव! तुम जीत
गए...

और हार
भी गए!
मेकअपकर!!
एकदम
सही!! जब
सभी चीजें
नकली हैं तो
मेकअपकर
क्यों नहीं!

अब तुम सारी जिंदगी
सोचते रहो कि मेकअपकर
कौन है! मेकअपकर अब कहीं पर
भी हो सकता है और कोई
भी हो सकता है!
मेकअपकर
इज एवरीबडी एंड
नो बडी!

अभी हॉस्पिटल से न्यूज आई है। नताशा एकदम ठीक है!
प्रोडक्ट का कुछ पता चला? वह कुछ भी हो, पर उसके अंदर सारी इंसानी खूबियां मौजूद हैं।
रोबो उसको कभी नहीं मारेगा! क्योंकि कभी न कभी रोबो को उसकी जरूरत फिर पड़ सकती है। फिलहाल प्रोडक्ट सेफ है। बस अब उसके अंदर एक साल के बच्चे से ज्यादा दिमाग नहीं है।

लेकिन जब तक मेकअपकर आजाद है तब तक प्रोडक्ट खतरे में रहेगा! समय रहते मेकअपकर का पता लगाना बहुत जरूरी है!

लेकिन मेकअपकर का पता कैसे चलेगा?
पता नहीं वह राजनगर में भी है या नहीं!
मेकअपकर जैसा अपराधी हमेशा घटना स्थल के पास मंडराता रहता है! और इस पूरे घटनाक्रम में घटनास्थल के पास मंडराने वाला एक ही व्यक्ति है...

तरुण जी! यस!! अगर सभी कुछ नकली है तो तरुण जी क्यों नहीं? इससे पहले कि वह राजनगर से अपना सामान समेटें...

"हमें उनकी छानबीन कर लेनी चाहिए! और इस बार फिंगर प्रिंट्स से लेकर आई-आइडेंटिफिकेशन तक किया जाएगा। ताकि कोई शक ना रहे।"
ना जाने इनको क्या हो गया है? पिछले एक हफ्ते का इनको कुछ भी याद नहीं है!
अभी पूछ रहे थे कि हम यहां पर क्यों आए हैं।
टेस्ट परफेक्ट है, कैप्टन! इनकी हर चीज इनकी पासपोर्ट एंट्री से मैच करती है।

ओफ। वही हुआ जिसका मुझे डर था।
कैसा डर, ध्रुव? अब...अब तुम मुझे डरा रहे हो!
डरने का वक्त निकल गया है! क्योंकि पिछले एक हफ्ते से आप नकली तरुण के साथ रह रही थीं। ऐसा हमारा मानना है।

ये...ये तुम क्या कह रहे हो? मैं...मैं इनको पहचानने में धोखा नहीं खा सकती!!
हो सकता है कि हमारा ख्याल गलत हो! हमारे पास इस बात का कोई सबूत नहीं है।
तो फिर तुमको जरूर धोखा हुआ है। क्योंकि मेरी आंखे धोखा नहीं खा सकतीं। चलो, अब इनको आराम करने दो!
HOTEL TAR
लो! आखिरी क्लू भी दगा दे गया!
कोई कॉल आ रही है! कहीं ये मेकअपकर ही तो नहीं है!
मुझे पता है कि तुम कहां पर हो ध्रुव। और मुझे एक कन्फेशन भी करना है।
तुम गलत नहीं सोच रहे हो। असली तरुण को मैंने अभी दस मिनट पहले ही रिप्लेस किया है।
और इस वक्त मैं तुमको देख भी रहा हूं।
वह यहीं पर है!!
कौन?
मेकअपकर!! पर...पर...कहां?
पर तुम मुझे नहीं देख सकते! बाय ध्रुव!

तुम लोग यहीं रुको!
आस-पास नजर रखो! मैं...
ऊपर ये बता कर आता हूं
कि मैं गलत नहीं था।

ध्रुव! तुम फिर आ
गए? अ...डोंट माइंड....बट...
अगर थोडी देर के लिए इनको
अकेला छोड़ देते तो...
एकदम! एकदम!!
दरअसल मैं कुछ भूल
गया था!

पर...तुम उधर क्यों
जा रहे हो? वहां तुम कैसे कुछ
भूल सकते हो! वहां तो तुम
गए ही नहीं!

पर...
तुम ढूंढ क्या
रहे हो?

इनको!
असली मिसेज
तरुण को!

और आपको भी,
मिसेज मेकअपकर!!

ओ...तभी मैं सोचूं कि
मम्मी का नेचर एकाएक
बदल कैसे गया।

खबरदार!! आ...आगे बढ़े तो जान निकाल लूंगी। तुम्हारे तरुण की! पर तुमने मुझे पहचाना कैसे?
तुम्हारी बांह पर उभरे मस्से से। यह वही मस्सा है जिसके ऊपर चीटियों की कतार तब चल रही थी जब तुम कोल्ड स्टोरेज के सेट पर बेहोश होने की एक्टिंग कर रही थीं।
मैंने इसी को जूम शॉट में देखा था।

अभी नीचे उतरते वक्त मुझे एकाएक ध्यान आ गया कि इसी मस्से को मैंने तुम्हारी बांह पर तब देखा था जब तुम अपने तरुण यानि मेकअपकर को लेने ऑफिस आई थीं!

अब ये भी याद कर ले कि मैंने तुझे बेसमेंट पार्किंग में कैसे पीटा था!
अब अगर तरुण को जिंदा देखना चाहता है तो वापस कमरे में जा ताकि मैं दरवाजा बाहर से लॉक कर सकूं!

चलो!

कैसा रहा, अंकल? बेटी का बदला?
परफेक्ट!

ओह! बौनों की गवाही ने मैडम मेकअपकर को जेल तो पहुंचा दिया पर मेकअपकर उसे छुड़ाने नहीं आया!
हो सकता है वह किसी और रुप में जेल के अंदर जा पहुंचा हो। कैदी या फिर पुलिस वाला बन कर!
कुछ भी हो सकता है।
लेकिन जब धागे का एक सिरा हमारे हाथ में आ गया है तो दूसरा सिरा मिलते देर नहीं लगेगी! सिर्फ टाइम की बात है।
पर आज मेरे पास एक डिस्टर्बिंग खबर भी आई है।
रोबो ठीक है न?
हां! पर प्रोडक्ट ना जाने कैसे वहां से निकल भागा है।
व्हाट!
"दस साल का लड़का, जिसके अंदर एक साल के बच्चे का दिमाग है और जिसकी हड्डियां लोहे की हैं और आंखों में थॉट ऑपरेटेड लेजर फिट है, ना जाने कब और क्या कर बैठेगा!"
"बस भगवान से यही प्रार्थना है कि उसकी और इंसानो की मुलाकात दुबारा कभी न हो! वर्ना."
समाप्त

अपने तेज दिमाग के कारण आज तक हर खतरे से बचता आया है सुपर कमाण्डो ध्रुव। लेकिन अब ध्रुव का बचना नामुमकिन है क्योंकि अपने तेज दिमाग की दुधारी तलवार लेकर आया है...
राज रजत वर्ष
जीनियस